
| | |
|---|---|
| | **The** **ACHIEVERS IAS ACADEMY** LANGUAGE -HINDI |

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

**14 – 09 – 22**

**WEDNESDAY**



### 1. SEBI ने दी सचिन बंसल की नवी टेक को IPO लाने की मंजूरी




देश के आईपीओ बाजार में बहार है. एक के बाद कई कंपनियां अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ (IPO) ला रही हैं. अब फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल (Sachin Bansal) की अगुवाई वाली फाइनेंशियल सर्विस कंपनी नावी टेक्नोलॉजीज (Navi Technologies) भी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है. कंपनी ने आईपीओ के जरिए 3,350 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी (SEBI) के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं.ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी डीआरएचपी (DRHP) के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह नया इश्यू होगा और इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल (OFS) नहीं है. नावी टेक्नोलॉजीज बाजार से 3,350 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है.

### 2. जापान इंडिया मैरीटाइम एक्सरसाइज़ 2022 बंगाल की खाड़ी में हुआ शुरू



चीन की चिंताओं को दरकिनार करते हुए भारत ने जापान को बुलाकर बंगाल की खाड़ी में नौसैनिक अभ्यास किया। दरअसल अभियानगत समझ बढ़ाने के लिये भारत और जापान की नौसेनाएं बंगाल की खाड़ी में सैन्य अभ्यास कर रही हैं। ‘जापान-इंडिया मैरीटाइम एक्सरसाइज’ (जिमेक्स 2022) का छठा संस्करण भारतीय नौसेना की मेजबानी में 11 सितंबर को शुरू हुआ। बंगाल की खाड़ी दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के मध्य में स्थित है। चीन यहां किसी भी अन्य देश द्वारा सैन्य अभ्यास का विरोध करता रहा है। हाल ही में भारत और तीन अन्य क्वाड देशों ने बंगाल की खाड़ी में फ्रांस के साथ एक प्रमुख नौसैनिक अभ्यास किया था। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) ने हेलीकॉप्टर वाहक इजुमो और निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक ताकानामी को अभ्यास के लिये तैनात किया है। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व बहुद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट ‘सह्याद्री’ और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत ‘कदमत’ और ‘कवरत्ती’ कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि इसके अलावा निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक ‘रणविजय’, फ्लीट टैंकर ‘ज्योति’, अपतटीय गश्ती पोत ‘सुकन्या’, पनडुब्बियां, मिग-29 के लड़ाकू विमान, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान आदि इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। यह संस्करण जिमेक्स की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो 2012 में जापान में शुरू हुआ था।

### 3. XR प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु मेटा के साथ सहयोग



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की स्टार्टअप इकाई एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब और फेसबुक की संचालक फर्म मेटा के बीच मंगलवार को हुए एक समझौते के तहत दोनों मिलकर भारत में 'एक्सटेंडेड रियलिटी स्टार्टअप पारिस्थितिकी' को बढ़ावा देंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस अवसर पर कहा कि एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) स्टार्टअप कार्यक्रम मेटावर्स के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जो इंटरनेट के उभरते भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की एक पहल एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब (एमएसएच) और मेटा ने भारत में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है, जिसके तहत एक उत्प्रेरक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। एक्सआर स्टार्टअप कार्यक्रम को मेटा के एक्सआर कार्यक्रम एवं शोध फंड से समर्थन हासिल है।

### 4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15-16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित SCO शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15-16 सितंबर को उज्बेकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे। इस बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी शामिल होंगे। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के शामिल होने की उम्मीद है। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन उज्बेकिस्तान के समरकंद में किया जा रहा है। अब तक की जानकारी के मुताबिक इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात हो सकती है। पीएम मोदी एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 22वीं बैठक में भाग लेंगे। हालांकि इस बात की पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है कि प्रधानमंत्री इन नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे या नहीं करेंगे। चीन के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2019 में हुई थी। यह शिखर सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन और चीन-ताइवान तनाव देखने को मिल रहा है। इसके अलावा भारत के लिहाज से यह शिखर सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बार भारत एससीओ की रोटेशनल प्रेसिडेंसी ग्रहण करेगा। यानी कि सितंबर 2023 तक 1 साल के लिए भारत इस समूह की अध्यक्षता करेगा। इसके अलावा अगला शिखर सम्मेलन में भारत में हो सकता है जिसमें चीन, रूस और पाकिस्तान के नेता शामिल होंगे।

### 5. लिकिथ वाईपी ने विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022 में जीता कांस्य पदक




लिकिथ वाईपी ने 'स्किल ऑफ प्रोटोटाइप मॉडलिंग वर्ल्डस्किल काम्पिटिशन 2022' (डब्ल्यूएससी2022) में कांस्य पदक जीता है। लिकिथ ने टोयाटा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान से मेक्ट्रोनिक्स में अपना डिप्लोमा पूरा किया है और वे जनवरी 2022 से इस प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण ले रहे थे। उन्होंने प्रोटोटाइप मॉडलिंग कौशल में भारत की राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता "इंडियास्किल्स 2021" भी जीती है। उन्हें टोयोटा इंडिया के विशेषज्ञ भास्कर सिंह ने प्रशिक्षित किया है, जो विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय मंच में प्रोटोटाइप मॉडलिंग कौशल के मुख्य विशेषज्ञ भी हैंविश्व कौशल (वर्ल्डस्किल्स) प्रतियोगिता वर्ल्डस्किल्स इंटरनेशनल के सदस्य देशों के बीच कुशल युवाओं की एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। इससे पहले विश्व कौशल प्रतियोगिता शंघाई में होने वाली थी, लेकिन वहां पर कोविड के प्रकोप के कारण, इसे 2 महीने की अवधि में आयोजित किए जाने के लिए 15 देशों में स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रोटोटाइप मॉडलिंग कौशल की प्रतियोगिता पहले चरण में डब्लयूएससी 2022 की शुरुआत थी जो 7-10 सितंबर 2022 तक बर्न, स्विट्जरलैंड में आयोजित की गई है।कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) देश में कौशल प्रतियोगिता आयोजित करने और अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए एक कार्यान्वयन निकाय है।

### 6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में 'कलम नो कार्निवल' पुस्तक मेले का किया उद्घाटन



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 8 सितंबर को अहमदाबाद में नवभारत साहित्य मंदिर द्वारा आयोजित 'कलम नो कार्निवल' (Kalam no Carnival) पुस्तक मेले के उद्घाटन समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया।प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि अहमदाबाद में 'नव भारत साहित्य मंदिर' द्वारा शुरू किए गए पुस्तक मेले की परंपरा हर गुजरते साल के साथ समृद्ध होती जा रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कलम नो कार्निवल' हिंदी, अंग्रेजी और गुजराती भाषाओं में पुस्तकों का एक विशाल सम्मेलन है।जिन्होंने अपने क्षेत्र के सभी गांवों में पुस्तकालयों की स्थापना की, गोंडल के महाराजा भगवत सिंह जी जिन्होंने 'भगवत गोमंडल' नामक एक विशाल शब्दकोश दिया, और वीर कवि नर्मद जिन्होंने 'नर्म कोश' का संपादन किया।प्रधानमंत्री ने कहा, "गुजरात का इतिहास किताबों, लेखकों, साहित्यिक सृजन की दृष्टि से बहुत समृद्ध रहा है। मैं चाहता हूं कि इस तरह के पुस्तक मेले गुजरात के कोने-कोने में लोगों तक पहुंचे, खासकर युवाओं तक ताकि वे समृद्ध इतिहास के बारे में जान सकें और प्रेरित हो सकें।"

## 7. 28 की जगह 30 दिनों की वैलिडिटी वाला होगा मोबाइल रिचार्ज, TRAI ने दिए निर्देश




टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) ने प्रीपेड मोबाइल ग्राहकों के हक में एक बड़ा फैसला किया है। TRAI ने सोमवार को सभी टेलीकॉम कंपनियों को मोबाइल रिचार्ज की वैलिडिटी 28 दिन की बजाय 30 दिन देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही टेलीकॉम कंपनी को अपने प्लान में अब एक स्पेशल वाउचर, एक कॉम्बो वाउचर पूरे महीने की वैलिडिटी के साथ लाना ही होगा। ट्राई ने सात महीने पहले भी यह निर्देश जारी किए थे लेकिन टेलीकॉम कंपनियों ने इसका पालन नहीं किया था। इसलिए ट्राई ने दोबारा सभी टेलीकॉम कंपनियों को यह निर्देश दिए हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों के मौजूदा प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी होती है, जिसकी वजह से कस्टमर्स को एक साल में 13 बार मंथली रिचार्ज कराना होता है। ट्राई के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि ग्राहकों की ओर से एक साल में कराए गए रिचार्ज की संख्या में कमी आएगी। ऐसा होने से ग्राहकों के एक महीने के एक्स्ट्रा रिचार्ज के पैसे बचेंगे। ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों के लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक, सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर को 30 दिनों की वैलिडिटी वाले कम से कम एक प्लान वाउचर, एक स्पेशल टैरिफ वाउचर और एक कॉम्बो वाउचर लाना ही होगा। इसके अलावा कंपनियों को नोटिफिकेशन की तारीख से 60 दिनों के अंदर नियमों के आदेश का पालन करने को कहा गया है।

## 8. वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी होंगे भारत के अगले अटॉर्नी जनरल



वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी का फिर से भारत का अटॉर्नी जनरल बनना तय है. वह 1 अक्टूबर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले हैं. मौजूदा अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है.91 वर्षीय वेणुगोपाल को 30 जून, 2017 को देश के टॉप लॉ अफसर के रूप में नियुक्त किया गया था. सूत्रों ने कहा कि रोहतगी देश के शीर्ष अदालत के वकीलों में से एक हैं. उन्होंने शीर्ष पद संभालने के लिए अपनी सहमति दे दी है. उन्हें पहली बार 2014 में तीन साल के कार्यकाल के लिए अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया था. वेणुगोपाल ने हाल ही में कहा था कि वह अपना मौजूदा कार्यकाल पूरा होने के बाद शीर्ष कानून अधिकारी के रूप में काम जारी नहीं रख सकते. अटॉर्नी जनरल को भी देश की सभी अदालतों में सुनवाई का अधिकार हासिल है. इसी साल जून में वेणुगोपाल का केंद्र सरकार ने कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ा दिया था. सरकार ने उनसे अनुरोध किया था कि वे तीन और महीने के लिए इस पद पर रहें. वह 30 सितंबर तक इस पद पर रहने के लिए मान गए थे ताकि सरकार कोई नया चेहरा तलाश कर सके. अब 67 साल के रोहतगी अटॉर्नी जनरल के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल 1 अक्टूबर से शुरू करेंगे. वह अडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी रह चुके हैं.

## ONE LINER

भारतीय नोसेना ने प्रोजेक्ट 17 ए के तीसरे स्टील्थ फ्रिगेट " तारागिरी " को कहां लॉन्च किया है - मुम्बई

शंघाई शिखर सम्मेलन 2022 कहाँ आयोजित होगा- उजेबीकिस्तान

9/11 हमले की 21वी बरसी किस देश मनाई गई है - अमेरिका

पहली 3डी प्रिंटेड राकेट इंजन के लिए पेटेंट किस कंपनी ने केंद्र सरकार से हासिल करलिये है - अग्निकुल कॉस्मॉस प्राइवेट लिमिटेड

अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है - मुनीश्वर नाथ भंडारी

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद दिवस पर कितने दिनों का कार्यक्रम शुरू किया है - 6 सप्ताह

सिक्किम पहली बार कितने रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करने जा रहा है - 3 ( मिजोरम ,मणिपुर ,अरूणचल प्रदेश )

नायरा एनर्जी के नए अध्यक्ष कोन बने है - प्रसाद के पणिकर

## QUIZ

1 किस राज्य में दुनिया का सबसे बड़ा हड़प्पा संस्कृति संग्रहालय स्थापित किया जाएगा?

A- गुजरात
B- केरल
C- राजस्थान
D- हरियाणा

उत्तर- हरियाणा

2 भारत ने किस देश को मानवीय सहायता के 12वीं खेप भेजी है?

A- श्रीलंका
B- पाकिस्तान
C- यूक्रेन
D- सभी

3 कौन सी राज्य सरकार 'मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना' शुरू कर रही है?

A- ओड़िशा
B- कर्नाटक
C- छत्तीसगढ़
D- उपरोक्त कोई नहीं

4 पहला राजा मिर्च महोत्सव कहाँ बनाया गया है?

A- मेघालय
B- नागालैंड
C- मिजोरम
D- कोई नहीं

5 'जोआओ लोरेंको' किस देश की दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं?

A- सूडान
B- अंगोला
C- मोरक्को
D- मंगोलिया

6 अमेरिकन एक्सप्रेस ने भारतीय इकाई का CEO किसे नियुक्त किया गया है?

A- सत्येंद्र प्रकाश
B- दीक्षित जोशी
C- देवाशीष मोहंती
D- संजय खन्ना

7 जेवियर मारियास का निधन हुआ है वे कौन थे?

A- पत्रकार
B- लेखक
C- वैज्ञानिक
D- सभी

8 अंतरराष्ट्रीय डेयरी महासंघ विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन 2022 कहां आयोजित किया गया है?

A- ग्रेटर नोएडा
B- वाराणसी
C- गोरखपुर
D- उपरोक्त कोई नहीं